पाठ 22　遅(おそ)くなりました
ओसोकु नारिमाशिता

アンナ	お母(かあ)さん、ごめんなさい。遅(おそ)くなりました。	माँ, माफ़ कर दीजिए।
आन्ना	ओकाआसान्, गोमेन्नासाइ।	देर हो गई।
	ओसोकु नारिमाशिता।	
寮母(りょうぼ)	アンナさん、10分(じっぷん)も遅刻(ちこく)です。	आन्ना, तुम 10 मिनट देर से आई हो।
छात्रावास प्रभारी	約束(やくそく)を破(やぶ)ってはいけません。	वादा तोड़ना ठीक नहीं है।
	आन्ना-सान्, जिप्पुन मो चिकोकु देसु।	
	याकुसोकु ओ याबुत्ते वा इकेमासेन्।	
アンナ	すみません。気(き)をつけます。	माफ़ कर दीजिए।
आन्ना	सुमिमासेन्, कि ओ त्सुकेमासु।	मैं ध्यान रखूँगी।

व्याकरण सीखें

① विशेषण को क्रिया विशेषण में बदलने का तरीक़ा

◈ **इ**-विशेषण को क्रिया विशेषण में बदलने के लिए अन्त के **इ** को **कु** में बदलें।

ओसोइ (देरी) ⇒ ओसोकु　　उदाहरण) ओसोकु नारिमाशिता। (देर हो गई।)

◈ **ना**-विशेषण को क्रिया विशेषण में बदलने के लिए विशेषण के बाद **नि** लगाएँ।

जोउज़ु (अच्छा होना) ⇒ जोउज़ुनि　　उदाहरण) जोउज़ुनि नारिमाशिता। (अच्छा हो गया/अच्छी हो गई)

② फ़ुन/पुन : मिनट बताने का शब्द

निफ़ुन् (2 मिनट), जिप्पुन्/जुप्पुन् (10 मिनट)　　☞ *गिनती के लिए शब्द : पृष्ठ 53* देखें

③ क्रिया का ते-रूप + वा इकेमासेन्

◈ क्रिया के **ते**-रूप के बाद **वा इकेमासेन्** लगाकर कह सकते हैं कि कोई क्रिया “करना ठीक नहीं है”।

उदाहरण) याकुसोकु ओ याबुत्ते वा इकेमासेन्। (वादा तोड़ना ठीक नहीं है।)

शब्दों की पोटली

यह शब्द बताता है कि कोई गुस्सा है।

यह शब्द बताता है कि किसी ने गुस्से में मुँह फुलाया हुआ है।

यह शब्द बताता है कि कोई नाराज़ हो रहा है, बड़बड़ा रहा है या डाँट रहा है।